हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

### पुलिस महकमे के खिलाफ नारेबाजी, टीआई हटाने की मांग

## मंडल अध्यक्ष को दी गाली, भाजपा नेताओं ने विरोध में किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

वाहन चेकिंग अभियान के दौरान छुरिया टीआई द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष को गाली-गलौज किए जाने से नाराज होकर भाजपा पदाधिकारियों ने बीती रात छुरिया कल्लूबंजारी सड़क मार्ग पर धरना प्रदर्शन करते चक्काजाम कर दिया। शाम सात बजे से शुरू हुआ चक्काजाम देर रात बारह बजे तक चलता रहा। भाजपा पदाधिकारियों द्वारा चक्काजाम किए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर रहे भाजपा पदाधिकारियों को समझाईश देने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। देर रात छुरिया टीआई द्वारा खेद जताने पर भाजपा पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

गुरुवार की शाम को जिले के पुलिस अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर छुरिया कल्लूबंजारी मार्ग पर स्थित वनोपज जांच नाका पर वाहन चेकिंग अभियान छुरिया टीआई रमेश पटेल द्वारा चलाया जा रहा था। इसी दौरान कल्लूबंजारी से लौट रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष कांता साहू का वाहन रोका गया, लेकिन परिचय देने पर उन्हें जाने दिया गया। उनके वाहन के साथ खड़े अन्य वाहन में सब्जी फार्म के सतीश यादव ने बताया कि उनके जाने के बाद छुरिया टीआई ने उन्हें गाली-गलौज किया है। यह सुनकर पदाधिकारी नाराज हो गए और वनोपज जांच नाका के पास पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम कर दिया। जिससे मार्गों में वाहनों की लंबी कतार लग गई।

**खास बातें**

- वाहन चेकिंग के दौरान टीआई द्वारा गाली-गलौज किए जाने का मामला
- आक्रोशित भाजपाइयों ने धरना प्रदर्शन कर किया चक्काजाम



### पुलिस अधिकारियों ने दी समझाईस

खबर मिलने पर पुलिस विभाग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्तिक राठौर एवं अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ के केसरी नंदन नायक, एसडीएम डोंगरगांव श्री कोर्राम पुलिस बल सहित पहुंचे और घटनास्थल पर भाजपा पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव एवं जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गैंदाटोला के खिलेश्वर साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह भाटिया, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राधेश्याम शर्मा एवं अन्य भाजपाईयों को समझाईश देते रहे, लेकिन देर रात पुलिस और भाजपाईयों से वाद-विवाद की स्थिति बनी रही।

### टीआई ने जताया खेद

भाजपा नेताओं ने टीआई को सस्पेंड करने की मांग की। नेताओं ने यह भी कहा कि यदि कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन जारी रहेगा। नेताओं के आक्रोश के बीच टीआई रमेश पटेल ने मौके पर आकर खेद प्रकट किया, तब जाकर धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम समाप्त हुआ।

**एसआईआर**

## चार महीने की प्रकिया के बाद आज जारी होगी मतदाता सूची



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एसआईआर प्रक्रिया के तहत चार महीने बाद आज अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। नवंबर महीने से शुरू हुई इस प्रक्रिया के तहत दस्तावेज जमा नहीं करने वाले मतदाताओं का नाम अंतिम सूची से हटा दिया जाएगा। हालांकि आज अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद कल से फिर नाम जोड़ने, काटने और संशोधन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इधर आज जारी होने वाली मतदाता सूची के आधार पर ही आगामी दिनों में होने वाले त्रि-स्तरीय पंचायत के उपचुनाव कराए जाएंगे। ज्ञात हो सभी प्रमुख दलों की नजरें इस प्रक्रिया में थी।




## 12वीं की परीक्षा शुरू, पेपर सरल आने से खिल उठे चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड परीक्षा के पहले दिन सरल सवालों से परीक्षार्थियों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। 12वीं बोर्ड परीक्षा में आज पहला पेपर कला संकाय से भूगोल और विज्ञान संकाय से भौतिक शास्त्र आयोजित हुआ। वहीं रविवार को कक्षा 10वीं बोर्ड से पहला पेपर प्रथम भाषा हिन्दी का आयोजित होगा।

नकल रोकने कड़ी जांच पड़ताल की व्यवस्थाओं के बीच सीजी बोर्ड की परीक्षाओं की शुरूआत शुक्रवार से हो गई है। शहर सहित जिले में बने 88 परीक्षा केन्द्रों में कक्षा 12वीं के परीक्षार्थियों ने आज अपना पहला पर्चा भरा। कक्षा 12वीं में पहले दिन भूगोल और भौतिक शास्त्र के पेपर में आसान सवालों से परीक्षार्थियों को कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ा।

**परीक्षा केन्द्रों में व्यापक व्यवस्था**

बोर्ड परीक्षाओं को लेकर स्कूलों में भी मंडल के निर्देशानुसार व्यापक व्यवस्था की गई थी। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा सत्र 2026 में जिले से कक्षा 12वीं में 8015 और कक्षा 10वीं में 10096 परीक्षार्थी परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं।

**शांतिपूर्ण हुई परीक्षा :** पहले दिन कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। बोर्ड परीक्षा का आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित किया गया। परीक्षा देकर निकले कक्षा 12वीं के परीक्षार्थियों ने कहा कि उन्होंने बोर्ड परीक्षा को लेकर पहले ही अपनी अच्छी तैयारी की हुई थी। उन्होंने कहा कि लगभग सभी सवालों को हल करने कोशिश की गई, समय कम होने के कारण एक दो सवाल छूट गए।

## सप्ताहभर के भीतर 51 कोचिए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब कोचिया, पीने की सुविधा उपलब्ध कराने एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने के मामले में खैरागढ़ पुलिस का लगातार धरपकड़ अभियान जारी है। आबकारी एक्ट के तहत कुल 23 लीटर शराब जब्त किया गया व कुल 51 व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शराब कोचिया, शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरुद्ध केसीजी पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में बीते सप्ताह में जिला केसीजी थानांतर्गत आने वाले सभी इलाकों में आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।

**आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई :** सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों से लेकर सुविधा उपलब्ध करने वालों पर कार्रवाई की गई। इस सप्ताह पूरे जिले में अब तक 36(च) के 31 प्रकरण, 36(सी) के 06 प्रकरण, 34(1) के 7 प्रकरण, इस प्रकार आबकारी एक्ट के तहत कुल 23 लीटर शराब जब्त किया गया व कुल 51 व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की गई है।

### अवैध उत्खनन पर कार्रवाई

## 173 प्रकरण में विभाग ने वसूला 68 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले में खनिज विभाग द्वारा खनिज राजस्व लक्ष्य की लगभग प्राप्ति के साथ खनिज प्रकरणों में लगातार कार्रवाई की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बीते 31 जनवरी तक खनिज विभाग ने 5 करोड़ 17 लाख रुपए खनिज राजस्व लक्ष्य का 96 प्रतिशत वसूला है। खनिज विभाग ने प्राप्त लक्ष्य में से 5 करोड़ 1 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त किया है। वहीं खनिज मामलों में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध भी कार्रवाई करते 173 प्रकरणों में 68 लाख 48 हजार 787 रुपए का अर्थदंड वसूला है।

जिला खनिज विभाग खनिज संपदाओं को लेकर राजस्व प्राप्त करने के साथ ही अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई से अर्थदंड वसूलने में आगे दिखाई दे रहा है। विभाग द्वारा 1 वर्ष के भीतर अवैध उत्खनन के मामले में 64 चूना पत्थर खदान, 1 रेत खदान, 12 ईट भट्ठा, 1 ग्रेनाइट, 8 फ्लैग स्टोन, 1 मोल्डिंग सैंड, 3 फायर क्ले व्हाइट क्ले, 9 पत्थर खदानों सहित अन्य मामलों में कार्रवाई की गई है।

### कार्रवाई से खनन माफिया में भय

बीते एक वर्ष में ही लगभग राजस्व प्राप्ति के साथ खनिज विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के चलते अवैध उत्खनन को लेकर भी विभाग तक जागरूक नागरिकों के माध्यम से शिकायत पहुंच रही है, जिस पर विभागीय कार्रवाई होने से अवैध उत्खनन में लगे खनन माफिया में भय भी बन रहा है।



## खबर संक्षेप

### उर्वरकों का अग्रिम उठाव जारी

**मोहला।** आगामी खरीफ सीजन में उर्वरकों की संभावित कमी से बचाव और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने उर्वरकों के अग्रिम उठाव की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। उप संचालक कृषि ने ए बताया कि जिले के किसान 1 फरवरी से 31 मई के बीच आवश्यकता अनुसार खाद का अग्रिम उठाव कर सकते हैं। कृषि विभाग ने फरवरी और मार्च में लक्ष्य का 70 प्रतिशत वितरण पूर्ण करना निर्धारित किया है।

### होली पर शराब की बिक्री से अहित

**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत सदस्य निर्मला वर्मा के प्रतिनिधि विजय वर्मा ने होली के दिन शराब दुकान खोलने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह फैसला लोकहित में नही है। उन्होंने कहा कि होली रंग गुलाल और सौहाद्र का पर्व है जिसमें लोग प्रेम भाव का परिचय देते हैं। ऐसे मौके पर शराब दुकान खोलना होली के रंग को बेरंग कर सकता है। श्री वर्मा ने कहा कि शराब दुकान बंद होने की स्थिति में भी शौकीन लोग नशापान करते हैं और दुर्घटना या अपराध की गिरफ्त में आ जाते हैं। शराब दुकान खुलने से लोगों को शराब आसानी से उपलब्ध होगी जिससे अपराध का ग्राफ बढ़ सकता है। वर्मा ने सरकार से फैसला वापस लेने की मांग की है।

### 34 पौवा शराब बरामद मोटर साइकिल जब्त

**डोंगरगढ़।** पुलिस ने कालकापारा निवासी राज नंदेश्वर पिता स्व. सुरेश नंदेश्वर को शराब दुकान से अधिक मात्रा में शराब लेकर मोटर सायकल से बिक्री हेतु परिवहन करते पकड़ा है। पुलिस ने ग्राम राका मोड़ के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 16 पाव रोमीओ देशी मदिरा, 16 पाव जम्बू स्पेशल व्हिस्की, 2 पाव व्हिस्की, एक मोटर सायकल पल्सर जप्त किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## निधन

### इंदिरा जैन

**डोंगरगढ़।** स्थानीय श्रीमती इंदिरा जैन का आकस्मिक निधन हो गया है । उनका



अंतिम संस्कार स्थानीय छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। उनके निधन पर जैन समाज सहित अन्य संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

### कमल किशोर साहू

**डोंगरगढ़।** सेवा सहकारी समिति अछोली के अध्यक्ष एवं भाजपा



ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता कमल किशोर साहू का उम्र 55 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार अछोली में किया गया। उनके निधन पर साहू समाज सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

---

## उखड़ने लगी सड़क, भड़के बैगा आदिवासी परिवार

# विलंब के बाद सड़क का घटिया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

वनांचल में विकास के दावों की हवा निकल गई है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान के तहत ग्राम पंचायत श्रृंगारपुर के आश्रित ग्राम तुमड़ादाह में एक करोड़ 16 लाख 81 हजार की लागत से बनी 1.700 किलोमीटर लंबी सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। हरिभूमि ने पूर्व में सड़क निर्माण की कछुआ चाल और पेड़ों की अवैध कटाई की खबर प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशन के बाद आनन-फानन में ठेकेदार ने कुछ दिनों के भीतर डामरीकरण पूरा कर दिया। निर्माण के बाद गुणवत्ता की पोल खुल रही है।

सड़क के घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। उपसरपंच साधुराम धुर्वे और भगवान सिंह पोर्ते ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि ठेकेदार मेमर्स केआर इन्फ्रास्ट्रक्चर दुर्ग ने सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती है। तकनीकी मापदंडों को ताक पर रखकर सड़क की मोटाई जहां कई इंच होनी चाहिए थी, वहां महज एक से दो इंच की पतली परत बिछाकर इतिश्री कर लिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार पूरी सड़क में दो से तीन डंपर मिक्स मटेरियल का उपयोग किया गया है। स्थिति यह है कि सड़क के अधिकांश हिस्सों पर ठोकर मारने से ही सड़क बिस्किट की तरह टूटकर बिखर रही है।



### शिकायत की तैयारी में ग्रामीण

आक्रोशित बैगा परिवारों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कलेक्टर से की जाएगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क के मटेरियल की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर सड़क का निर्माण दोबारा मापदंडों के अनुसार कराया जाए।

### अधिक लाभ की लालसा

ग्रामीणों के अनुसार यह मामला सीधे तौर पर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को बदनाम करने की साजिश है। वनांचल के 170 बैगा आदिवासियों के बेहतर भविष्य के लिए भेजी गई राशि को विभागीय लापरवाही और ठेकेदार के घटिया निर्माण ने चूना लगा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी ठाकुरटोला से लावतारा मार्ग के निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ था। पांच साल की गारंटी का बोर्ड लगाने के बाद ठेकेदार ने पलट कर नहीं देखा।

### जांच कराया जाएगा

उन्हे मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है। संबंधित विभाग से जांच कराया जाएगा। गड़बड़ी पाया जाता है तो प्रतिवेदन भेज कर उचित कार्यवाही करने कहा जाएगा।

\- **अविनाश ठाकुर**, एसडीएम

### शिकायत की जाएगी

बैगापारा के निवासियों से शिकायत मिलने के बाद उन्होंने सड़क का निरीक्षण किया था। इस मामले की जल्द ही कलेक्टर से शिकायत की जाएगी।

\- **प्रेमलाल साहू**, जनपद सदस्य

---

# सामूहिक प्रयास से प्रसूता और नवजात की बची जान

**तुमडीबोड़।** ग्राम में मानवीय संवेदना की एकक प्रेरक मिसाल सामने आई है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक प्रसूता महिला और उसके 18 दिन के नवजात शिशु को संभावित दुर्घटना से स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित बचा लिया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक महिला अपने 18 दिन के नवजात शिशु के साथ मोटरसाइकिल से ग्राम कोहका लौट रही थीं। महिला की हाल ही में ऑपरेशन से डिलीवरी हुई है। तीन दिन पूर्व ही उसके टांके खुले थे। साईं बाबा ट्रेडर्स के समीप महिला को चक्कर आ गया और वह चलती गाड़ी से गिरने लगीं। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए दुकान के कर्मचारियों ने तुरंत दौड़े और नवजात शिशु को सुरक्षित पकड़ लिया। जबकि महिला सड़क पर गिर पड़ीं।



### जिला अस्पताल रवाना

डॉक्टर की सलाह पर परिजनों ने तत्काल वाहन की व्यवस्था की और महिला को नवजात के साथ जिला अस्पताल राजनांदगांव के लिए रवाना किया। जहां आगे का उपचार सुनिश्चित किया गया।

### टली अनहोनी

इस मानवीय प्रयास में डॉ. धनेश्वरी देवांगन, हरि बंजारे, सुपरवाइजर हेमंत साहू, रॉयल एंटरप्राइजेज के प्रतिनिधि, आसपास के दुकानदारों और स्थानीय महिलाओं का विशेष योगदान रहा। सभी की सजगता और त्वरित सहयोग से एक बड़ी अनहोनी टल गई।

### सबने दिखाई तत्परता

घटना के बाद महिला को दुकान परिसर में लाया गया। आसपड़ोस की महिलाओं ने प्राथमिक सहायता के रूप में तेल मालिश कर महिला को संभाला और परिजनों को सूचना दी। इसी बीच जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू ने तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क किया। सूचना मिलते ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की डॉ. धनेश्वरी देवांगन ने मौके पर पहुंच कर प्राथमिक जांच की। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के टांकों की स्थिति गंभीर हो सकती है, इसलिए तत्काल अस्पताल में दिखाना आवश्यक है। दोबारा ऑपरेशन करने की जरूरत पड़ सकती है।

---

# कटघोरा रेल परियोजना पर राजनीति बंद करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



डोंगरगढ़ से कटघोरा तक प्रस्तावित रेल ला इ न परियोजना को लेकर चल रही बयानबाजी पर कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को आरोप-प्रत्यारोप का विषय बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस रेल परियोजना की आधारशिला पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में रखी गई थी। भूमि अधिग्रहण, सर्वेक्षण और प्रारंभिक प्रक्रियाओं को गति देने का कार्य कांग्रेस सरकार ने ही किया। यह कहना कि परियोजना को लेकर अब जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार है अब इस परियोजना का परिणाम सामने आना चाहिए। श्री लोधी ने कहा कि वह क्षेत्र की जनता, किसानों, व्यापारियों और युवाओं की आवाज बनकर इस परियोजना को पूरा कराने संघर्ष करते रहेंगे।

# शिवसेना के जिला अध्यक्ष बने उदयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

शिव सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के आदेश



अनुसार छत्तीसगढ़ में शिवसेना का विस्तार करते हुए प्रदेश प्रमुख डां आंनद सिंह मल्होत्रा एवं प्रदेश महासचिव चन्द्रमौली मिश्र ने उदयन राज त्रिपाठी को जिला प्रमुख बनाया है। श्री त्रिपाठी जिले के युवाओं बीच लोकप्रिय है। उन्होंनेपूर्व में जनहित में बड़े आंदोलन किए है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने कहा कि जिले के युवा, किसान, व्यापारी, महिला तथा छात्र को साथ जोड़कर कार्य किया जाएगा। श्री त्रिपाठी की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

# कुम्हार केन्द्र में स्पेसिफिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

केंद्र सरकार की रैंप योजना अंतर्गत हथकरघा केंद्र में हथकरघा कुम्हार से जुड़े उद्यमियों हेतु सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार तथा राज्य शासन की उद्यमिता प्रोत्साहन पहलों के तहत सीएसआईडीसी रायपुर के बैनर तले चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 30 उद्यमियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना, स्वरोजगार के अवसर सृजित करना तथा प्रतिभागियों को व्यवहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्रदान करना रहा। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रतिभागियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी वर्तमान गतिविधियों, कार्य प्रणाली




एवं चुनौतियों की जानकारी ली गई। इसके पश्चात मास्टर ट्रेनर द्वारा वन-टू-वन मार्गदर्शन के माध्यम से संस्थागत ढांचे, अनुभवों एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। द्वितीय दिवस केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, सब्सिडी प्रावधानों, ईडीपी प्रशिक्षण, कौशल विकास, मार्केटिंग रणनीतियों तथा उद्यम पंजीयन की आवश्यकताओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं अंतिम दिवस आयात-निर्यात की रणनीति तथा भविष्य की मांगों के अनुरूप कुम्हार मुख्य रूप से द्वितीयक और लघु उद्योग क्षेत्र के तहत शिल्पकार वर्ग में आते हैं, जो मिट्टी के बर्तन, टेराकोटा उत्पाद और सजावटी सामान बनाते हैं। वह पारंपरिक हस्तशिल्प और कुम्हार सशक्तिकरण योजना जैसी सरकारी पहलों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत में योगदान करते हैं। जिससे कुम्हार उद्यमियों को अतिरिक्त रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें व इसके प्रशिक्षण की मध्यस्थता, विभागीय मार्गदर्शन , मार्केटिंग आदि के अवसर उपलब्ध कराए जा सके।

### दी उपयोगी जानकारी

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस जिला प्रशिक्षुओं को विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ, ऋण प्रणाली, सब्सिडी, वर्किंग कैपिटल एवं प्रस्तुति संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। प्रशिक्षण में उद्यम रजिस्ट्रेशन भी किया गया । मास्टर ट्रेनर पारुल पाण्डेय, डिविजनल समन्वयक लोकेश सिन्हा एवं तुषार साहू थे।

# सौर सुजला योजना ने बदली किसानों की तकदीर

**मोहला।** जिले में छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण ने वर्ष 2016-17 से अब तक 2317 कृषकों के खेतों में कृषि सिंचाई हेतु सोलर पंप स्थापित किए हैं। इन सोलर पंपों से किसानों को सिंचाई की सुविधा के साथ बिजली बिल के बोझ से मुक्ति मिली है। सौर ऊर्जा आधारित पंपों के उपयोग से करोड़ों की बिजली बच रही है।

सौर सुजला योजना उन किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है, जिनके पास कृषि भूमि तो है, लेकिन सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं थी। कई किसान विद्युत लाइन विस्तार की अधिक लागत के कारण सिंचाई सुविधा नहीं ले पा रहे थे और मानसून पर निर्भर रहते थे। समय पर वर्षा न होने से फसलें प्रभावित होती थीं और परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाता था। सौर ऊर्जा आधारित पंपों ने उनके खेतों में नई उम्मीद जगाई है।

### खेतों में लौटी हरियाली

उक्त गांवों के किसानों के खेतों में फिर से सिंचाई सुचारु रूप से हो रही है। इससे फसल उत्पादन में वृद्धि के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। भू-जल संरक्षण और डीजल आधारित पंपों पर निर्भरता में कमी आने से पर्यावरणीय लाभ भी स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं।

### सोलर पंपों की मरम्मत

प्राकृतिक आपदा, तकनीकी खराबी या असामाजिक तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाने के कारण कुछ सोलर पंप अकार्यशील हो गए थे। क्रेडा ने जमा सुरक्षा निधि से राशि कटौती कर सुधार कार्य की स्वीकृति दी जिसके बाद कोर्रामटोला, ढुग्गाटोला, काण्डे, नेवरगांव सहित अन्य गांवों के पंप और कंट्रोलर बदलकर सोलर पंपों को पुनः चालू किया गया है।




**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत भरकाटोला की प्राथमिक शाला परिसर में आयोजित शताब्दी समारोह में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई।

# मौसम की अनुकूलता से रबी फसल बेहतर

**सड़क अतरिया।** अनुकुल मौसम के कारण इस बार रबी फसल बेहतर है। खेतों में अरहर, चना, गेंहू, सरसों, मसुर सहित अन्य फसल बहुत अच्छा स्थिति में है। अरहर की कटाई मिजाई शुरू हो गई है। इसी प्रकार चना, गेहूं, मसुर, सरसों, मुंग के पौधों में फल लग चुके हैं। पखवाड़े भर बाद कटाई शुरू होने का अनुमान है। बीते कुछ साल से मौसम के उतार चढ़ाव के कारण चना फसल प्रभावित हो रही थी जिसके कारण क्षेत्र के किसानों ने इस बार गेंहू लगाया है। क्षेत्र की पचास फीसदी से अधिक भूमि में गेंहू लगा है। इस साल चना और गेंहू फसल की स्थिति बहुत अच्छी है।



### सरकार खरीदेगी उत्पाद

सरकार ने धान की तरह इस बार रबी की फसल भी समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्णय लिया है। क्षेत्र के सभी सोसायटी में पंजीयन शुरू हो गया है। किसान निर्धारित दस्तावेज के साथ संभावित फसल के विक्रय करने पंजीयन करा सकते हैं। जानकारी अनुसार सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर अरहर 8 हजार रूपए प्रति क्विंटल, चना 5650, सरसों 5950, मसुर 6700, मूंग 8768, उड़द 7800 तथा सोयाबीन 5328 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा।

# चखना दुकान बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

स्थानीय सरकारी शराब दुकान के बाजू में बाहरी व्यक्ति द्वारा सांठगांठ कर चखना सेंटर चलाया जा रहा था। अवैध चखना सेंटर के संचालन को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है और इसे लेकर आंदोलन की सुगबुगाहट भी शुरू हो गई थी। इस मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसके बाद जिलाधीश ने अवैध चखना दुकान बंद करने का आदेश जारी किया। कलेक्टर के आदेश का पालन करते हुए अवैध चखना दुकान को बंद कर दिया गया। इस पहल के लिए ग्राम के तोमन साहू, भीखम रावटे, टीकम, लक्ष्मण, एलेंनद आदि ने जिलाधीश को धन्यवाद दिया है। वहीं आबकारी विभाग के अधिकारी श्री भांडेकर ने बताया कि आगामी दिनों चखना दुकान के लिए नियमानुसार निविदा जारी किया जाएगा। निविदा प्रक्रिया के बाद चखना दुकान खोला जाएगा। चखना दुकान बंद होने से ग्रामवासियों में ख़ुश भरा माहौल है। निविदा प्रक्रिया के बाद चखना दुकान चलाने को लेकर लोगों में उत्सुकता देखने मिल रही है। व्यापारी संघ के तोमन साहू, भीखम रावटे, टीकम आदि ने हरिभूमि का भी आभार व्यक्त किया है।



# कुरूमाड में सोसायटी गठन के खिलाफ किसान

**डोंगरगढ़।** ग्राम कुरूमाड में नई सहकारी समिति गठन प्रक्रिया का ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है। बड़ीघटोला, राका और रमनगर सहित आसपास के किसानों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई नहीं होने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में ग्राम राका में सोसायटी खोलने का आदेश जारी हुआ था, लेकिन बाद में इसे कुरूमाड स्थानांतरित करने का प्रस्ताव सामने आया। किसानों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना और सहमति के यह निर्णय लिया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के किसानों को असुविधा होगी। किसानों ने बताया कि इस संबंध में पिछले तीन माह से लगातार आवेदन देते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि सोसायटी का गठन राका या बड़ीघटोला में किया जाए अथवा वर्तमान में संचालित भंडार सोसायटी को यथावत रखा जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो वह बाध्य होकर राका मार्ग पर चक्का जाम आंदोलन करेंगे। एसडीएम एम. भारती ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे।

## जयंती पर किया पुण्य स्मरण

# शिवाजी थे कुशल योद्धा व न्यायप्रिय शासक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

चंद्राकार समाज ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई।चंद्राकर भवन में शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। उपस्थित जनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को याद किया। इस अवसर पर चंद्राकर समाज के बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे। सभी ने छत्रपति शिवाजी को नमन किया।



समाज के अध्यक्ष योगेश चंद्राकर ने कहा कि सामाजिक एकता और संगठन की मजबूती के लिए सभी को शिवाजी महाराज के बताए मार्ग पर चलना होगा। उनके आदर्श, मूल्य और न्यायप्रियता आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि एक आदर्श एवं न्यायप्रिय शासक थे। दीपक देशमुख ने शिवाजी महाराज के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को पुणे के समीप हुआ था। बाल्यकाल से ही उनमें असाधारण प्रतिभा थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में उन्होंने तोरणा किला फतह कर अपने सैन्य अभियान की शुरुआत की। वह अद्भुत रणनीतिकार थे और गुरिल्ला युद्ध नीति के माध्यम से मुगल सेनाओं को पराजित किया।

### सदैव याद किए जाएंगे शिवाजी

शुभम चंद्राकर ने कहा कि भारतीय इतिहास में छत्रपति शिवाजी महाराज को एक न्यायप्रिय, सहिष्णु और राष्ट्रप्रेमी शासक के रूप में सदैव याद किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन अशोक चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामकुमार चंद्राकर, लल्लू चंद्राकर, धन्नु चंद्राकर, पवन चंद्राकर, रामकुमार सहित अन्य सामाजिकजन आदि उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### व्यापारियों को 8 लाख का चिल्हर वितरण




**राजनांदगांव।** चेंबर ऑफ कॉमर्स राजनांदगांव द्वारा आयोजित चिल्लर विनिमय कार्यक्रम तेरापंथी भवन में आईसीआईसीआई बैंक राजनांदगांव के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल के साथ ही चेम्बर के संरक्षक खूबचंद पारख एवं सकल जैन समाज के अध्यक्ष विनय जी डड्ढा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सभी वर्ग के व्यापारियों को 8 लाख रुपए के चिल्हर का वितरण किया गया।

### श्याम फागुन महोत्सव 27 से

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी की नगरी में आगामी 27 फरवरी से दो दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव एवं भव्य निशान यात्रा का आयोजन रखा गया है। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम श्याम रिजॉर्ट में संपन्न होगा। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। आयोजन समिति के सदस्य मयूर अग्रवाल ने बताया कि 27 फरवरी को सुबह 4 बजे श्याम प्रेमी मुकेश भूत के निवास से बाबा श्याम की निशान यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए पुनः मुकेश भूत के निवास पहुंचकर संपन्न होगी। दूसरे दिन 28 फरवरी को सुबह से भगवान खाटू श्याम का पूजन-अर्चन, धोक पूजा एवं आरती का आयोजन होगा। शाम 6 बजे भजन संध्या प्रारंभ होगी, जिसमें बाबा का 56 भोग और अलौकिक श्रृंगार के साथ भव्य दरबार सजाया जाएगा। कार्यक्रम में पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा तथा फल-पान के भोग के साथ अमृतमयी भजनों की प्रस्तुति होगी। भजन संध्या में भजन गायक संजीव शर्मा गुरुकाशी एवं शुभम अग्रवाल तिरोड़ा अपनी मधुर वाणी से प्रस्तुति देंगे। तत्पश्चात शयन आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

### स्टूडेंट्स ने साइंस ओलंपियाड में मारी बाजी

**राजनांदगांव।** रॉयल किड्स कॉन्वेंट के स्टूडेंट्स ने साइंस ओलंपियाड में बाजी मारी। रॉयल किड्स कॉन्वेंट में हाल ही में साइंस ओलंपियाड का आयोजन किया गया। जिसमें स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। साइंस ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। जिनमें रक्षित साहू, अथर्व साहू, कृष कश्यप, लब्ध साहू, श्रद्धा जायसवाल, संस्कृति बघेल, सानवी सिंग तोमर, मोक्ष मनिहार, अद्ववित्ता तिवारी, अथर्व तिवारी, अवनी श्रीवास्तव, प्रियांशु सिंग, रीति मेश्राम, सुआ साहू, प्रतीक्षा, सिद्धि मुदलियार, तृप्ति यादव, दीक्षा अग्निहोत्री, फाल्गुनी देवांगन, रौनक को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर शाला की अध्यक्ष सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, डॉ. इंद्रकुमार वैष्णव, अकादमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, सीबीएसई प्राचार्य एकता खंडेलवाल, उप-प्राचार्य ममता मिश्रा एवं शिक्षकों ने बधाई देते कहा कि इन बच्चों की मेहनत और प्रतिभा ने स्कूल का नाम रोशन किया है।

### फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** रॉयल किड्स कान्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल में शुक्रवार को क्लास ट्वेल्थ के छात्रों का फेयरवेल समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया।



इस अवसर पर छात्रों ने एक से बढ़कर एक सिंगिंग और डांस परफॉर्मेंस दिए। समारोह में शाला की अध्यक्ष सविता जेबी सिंह ने छात्रों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उपाध्यक्ष अशोक चौधरी ने डॉ. जेबी सिंह को एक अद्वितीय अनुपम एजुकेशनिस्ट बताया। अकादमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने इस फेयरवेल समारोह में छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। आरकेसी के सभी पूर्व छात्रों ने शाला का नाम देश-विदेश में रोशन किया है और आगे आप सभी भी अपने जीवन में सफलता प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, पूजा सिंह, इला सिंह, डॉ. इंद्रकुमार वैष्णव, सीबीएसई प्राचार्य एकता खंडेलवाल, उप-प्राचार्य ममता मिश्रा एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

### मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मानव विज्ञान दिवस

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय मानव विज्ञान दिवस शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के मानव विज्ञान विभाग में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में मानव विज्ञान विभाग की




विभागाध्यक्ष डॉ अंजलि मोहन कोड़ोपी के मार्गदर्शन में मनाया गया। कार्यक्रम में द्वितीय, चतुर्थ एवं छठवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विश्व मानव विज्ञान दिवस हर वर्ष फरवरी के तीसरे गुरुवार को मनाया जाता है। विभागाध्यक्ष डॉ. अंजलि द्वारा इस दिवस के महत्व को रेखांकित किया गया कि यह दिन केवल एक एकेडमिक विषय का उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की कहानी को समझने का अवसर है। मनोविज्ञान क्या है, उसकी उत्पत्ति, जैविक विकास, संस्कृति, समाज, व्यवहार, परंपराएं और जीवन से संबंधित अध्ययन है। यह दिवस वैज्ञानिक अध्ययन के महत्व को समझने और इस क्षेत्र में कार्यरत लोगों को सम्मानित करने समर्पित है। इस वर्ष 19 फरवरी 2026 को पूरे विश्व में मनाया गया।

## आत्मानंद में उत्पीड़न, छात्र को असहनीय दंड देने के मामले में लीपापोती

# जांच के नाम पर ढकोसला, बार-बार बदले जा रहे हैं जांच अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में हुए एक छात्र को दो शिक्षिकाओं द्वारा सौ बार उठक-बैठक लगवाया। जिसमें छात्र बीते 1 माह से अपंग की जिंदगी जीने को मजबूर है। इधर अंग्रेजी माध्यम की सहायक ग्रेड-3 की महिला कमर्चारी ने हिन्दी मीडियम के एक व्याख्याता पर मानसिक प्रताड़ना, दुर्व्यवहार, अश्लील हरकत व हरासमेंट के संगीन आरोपों के तहत कलेक्टर, एसपी, जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित में शिकायत प्रस्तुत किया है। इन दोनों मामलों में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जांच के नाम पर जांच अधिकारी बदल रहे हैं। मंद गति से चल रहे दोनों मामले की जांच में अब तक किसी तरह का ठोस कार्रवाई सुनिश्चित नहीं किया गया है। जिसके बाद अंबागढ़ चौकी नगर में जिले की प्रशासनिक लचर व्यवस्था पर आम लोग माखौल उड़ा रहे हैं।

उल्लेखनीय की अंबागढ़ चौकी अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद मिडिल स्कूल में सहायक ग्रेड-3 की महिला कर्मचारी ने हिन्दी माध्यम के भौतिक शास्त्र के व्याख्याता सुशील चौरसिया के खिलाफ बेहद संगीन आवेदन प्रस्तुत किया है। इस मामले की जांच और कठोर कार्रवाई के लिए सीधे कलेक्टर, एसपी और जिला शिक्षा अधिकारी को पीड़िता ने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने जांच के नाम पर तीन बार जांच अधिकारी बदल दिए हैं, जिन प्राचार्य और विकासखंड शिक्षा अधिकारी को विभाग ने जांच के लिए निर्देश किया है वे उल्टे प्रशासनिक निर्देश की अवहेलना करते उनके द्वारा जांच नहीं करने के लिए विभाग को लिखित में जवाब दे दिए हैं। इधर प्रताड़ना के दूसरे मामले में शिक्षिका रूचि भागे, वर्षा प्रधान ने छात्र को किसी बात को लेकर जनवरी माह में क्लास रूम में 100 बार उठक-बैठक कराया। जिसके बाद छात्र अब उठ-बैठ नहीं पा रहा है। गरीब मां-बाप विगत एक माह से रायपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। छात्र का 21 फरवरी से दसवीं बोर्ड का परीक्षा आहूत है।




#### उठने बैठने में तकलीफ

नगर में बूट हाउस का संचालन कर रहे परिवार का एक होनहार छात्र अब कठोर शारीरिक दंड से आपहिजों की जिंदगी जी रहा है। घटना को लेकर बताया गया कि पिछले एक माह से छात्र शरीर की नस में ब्लड सर्कुलेशन नहीं होने के कारण उठ-बैठ नहीं पा रहा है। रायपुर के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है, उसे सहारा देकर परिवार के अन्य सदस्य नित्य क्रिया करा रहे हैं। इलाज के नाम पर हजारों रुपए परिवार का अब तक लग चुका है, फिर भी शिक्षा विभाग दोषी शिक्षिकाओं के खिलाफ जांच का राग लापते हुए कोई भी कार्रवाई सुनिश्चित नहीं कर पाया है।

#### उत्पीड़न की जांच भृत्य और बाबू से

अंधेरगर्दी चौपट राजा की तर्ज पर महिला उत्पीड़न के मामले में व्याख्याता सुशील चौरसिया के खिलाफ मामले की जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने 4 फरवरी को निर्देश जारी कर प्राचार्य सुनिता कावरे, शशि कुजूर सहायक ग्रेड-2, ममता चौरे सहायक ग्रेड-3 तथा भृत्य सुनिता नेताम को जांच अधिकारी नियुक्त किया था। सवाल यह है कि व्याख्याता की जांच भृत्य और बाबू करेंगे।

#### हो रही जांच

किसी तरह का मामले में लीपापोती नहीं हो रहा है। शुद्ध रूप से जांच हो रही है। जांच उपरांत आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**- योगदास साहू,** जिला शिक्षा अधिकारी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी

#### व्याख्याता को बचाने हो रही है नेतागिरी

लगातार महिला उत्पीड़न का आरोप व्याख्याता सुशील चौरासिया के ऊपर लग रहा है। विभाग फिर भी व्याख्याता के ऊपर मेहरबान है। लगातार व्याख्याता को बचाने छात्र-छात्राओं को ढाल बनाकर कलेक्टोरेट, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेजा जा रहा है। आज जिला शिक्षा अधिकारी जांच के नाम पर स्कूल पहुंचे, जहां परीक्षा के 2 दिन पहले स्कूल समय के बाद 12वीं के छात्रों का कथन लिया गया है। जबकि उत्पीड़न के मामले में छात्रों का कथन लिया गया, जो आवश्यक ही नहीं है, क्योंकि घटना क्लास रूम में हुई ही नहीं है और छात्र-छात्राओं को इस संबंध में कोई भी जानकारी नहीं है।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 26 को

**राजनांदगांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 26 फरवरी को सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक रोजगार ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में शिव शक्ति एग्रीटेक प्राईवेट लिमिटेड तेलीबांधा रायपुर द्वारा सेल्स रिप्रेसेटेटिव के 6 पद एवं सनसूर श्रृष्टि इंटरप्राजेस बजरंग चौक तुलसीपुर राजनांदगांव द्वारा एचआर के 3 पद, डेवलपमेंट मैनेजर के 5 पद, टीम लीडर के 2 पद, सेल्स एक्सीक्यूटिव के 10 पद, ब्रांच मैनेजर के 7 पद तथा सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 20 पद, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 5 पद, फिल्ड ऑफिसर के 6 पद, मार्केटिंग मैनेजर के 2 पद पर भर्ती की जाएगी।

### आरएलएम के 43 मास्टर ट्रेनर्स बस्तर रवाना

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय ग्रामीण



आजीविका मिशन अंतर्गत राजनांदगांव जिले में कार्यरत 43 मास्टर ट्रेनरों को बस्तर जिले में खानपान, पोषण, स्वास्थ एवं स्वछता विषय पर क्षेत्र भ्रमण हेतु रवाना किया गया। बस्तर में समृद्ध बिहान एवं स्वाभिमान परियोजना अंतर्गत मोचो मानगुन एवं आमचो बासुल जैसे पद्धतियों को सीखकर मास्टर ट्रेनर राजनांदगांव जिले में एफएनएचडब्ल्यू, जेंडर, सामाजिक समावेशन एवं पोट्ठ लईका अभियान में बेहतर कार्य कर सकेंगे।

## जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर ग्रामवासी नाराज

**छुईखदान।** समीपस्थ ग्राम पंचायत शाखा में जल जीवन मिशन के तहत प्रस्तावित नल-जल योजना का निर्माण कार्य आज तक पूर्ण नहीं हो सका है। अधूरे कार्य को लेकर ग्रामवासी खासे नाराज़ नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।

ग्राम पंचायत शाखा के सरपंच कपिनाथ महोबिया ने बताया कि 29 अप्रैल 2025 को इस संबंध में जिला मुख्यमंत्री, कलेक्टर एवं पीएचई मंत्री को लिखित शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग कुंभकर्णीय नींद में सोया हुआ है और ग्रामीणों की मूलभूत समस्या की अनदेखी की जा रही है।



#### गर्मी में होगी अग्नि परीक्षा

ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के दिनों में गांव में पानी की भारी किल्लत हो जाती है। ऐसे में यदि 15 मार्च तक पानी टंकी चालू नहीं की गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। ग्रामवासियों की एकमात्र मांग है कि किसी भी हालत में पानी टंकी प्रारंभ की जाए ताकि उन्हें पेयजल संकट से राहत मिल सके।

#### वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

सरपंच व ग्रामीणों ने शासन से मांग की है कि जब तक नल-जल योजना का कार्य पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बोर खनन कराया जाए और जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए प्रशासन से शीघ्र निराकरण की अपेक्षा की जा रही है।

## भाजयुमो जिलाध्यक्ष का गंडई में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनने के बाद आयश सिंह का गंडई नगर में प्रथम आगमन हुआ। भाजपाइयों ने उनका जमकर स्वागत किया और बधाई दिए। बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया की अनुशंसा पर खैरागढ़ निवासी सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता आयश सिंह बोनी को पुनः युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उनका प्रथम नगर आगमन स्थानीय विश्राम गृह में हुआ जहां कार्यकर्ता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने बाजे-गाजे और आतिशबाजी के साथ नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का आत्मीय अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से लादकर आयश सिंह बोनी और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जमकर नारेबाजी की। स्वागत समारोह के पश्चात कार्यकर्ताओं ने रेस्ट हाउस से बस स्टैंड होते हुए मां गंगई मंदिर तक एक रैली निकाली। यह रैली बाजार क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होते हुए तिरंगा चौक पहुंची, जहां आम नागरिकों ने भी उत्साह दिखाया। इसके बाद रैली पुलिस लाइन मार्ग से होते हुए पुनः विश्राम गृह पहुंची, जहां सभा के रूप में कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस अवसर पर संगठन के प्रति अपनी एकजुटता दिखाते हुए जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, शैलेंद्र त्रिपाठी, पवन सिंह, वेदांश सिंह बघेल, श्रेष्ठ बहादुर सिंह मोनू, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर और मंडल महामंत्री लीला साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

साथ ही मंडल उपाध्यक्ष रवि भावनानी, रामा साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उमा चौबे, युवा मोर्चा अध्यक्ष भानु साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष लेखराम साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष राकेश टंडन, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजली देवांगन एवं अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मंगल चंद जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नपं अध्यक्ष ने विकास कामों के लिए मांगी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव एवं सीएम कार्यालय में विशेष सचिव आईएएस बसव राजू से भेंट कर नगरीय निकाय के समस्याओं के निदान के लिए चर्चा कर ज्ञापन सौंपा।

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने गुरुवार को राजधानी पहुंचकर मंत्रालय महानदी में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव एवं सीएम कार्यालय के विशेष सचिव आईएएस बसव राजू से भेंट कर उन्हें नगर पंचायत से जुड़ी समस्याओं की जानकारी देते उसके निदान की मांग की। आईएएस बसव राजू ने नगर अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि जल्द से जल्द सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराएंगे।

#### भूमि अधिग्रहण की मंजूरी देने की मांग

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने प्रमुख सचिव को बताया कि जल आवर्द्धन योजना अंतर्गत नगर के लिए वर्ष 2019 से साढे 11 करोड़ की राशि मंजूर है। योजना अंतर्गत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं साढे चार लाख लीटर की पानी टंकी का निर्माण हो चुका है। पाईप लाइन बिछाने का कार्य जारी है, लेकिन शिवना नदी एनीकट में इंटेकवेल का निर्माण भूमि अधिग्रहण के चलते रूका हुआ है। नगर अध्यक्ष ने सचिव श्री राजू को बताया कि इंटेकवेल निर्माण के लिए लगभग 6 डिसमिल निजी कृषक के भूमि को अधिग्रहण करने की आवश्यकता है। इस कारण यह कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है।

#### संचालक से निकाय कर्मियों के वेतन भुगतान पर चर्चा

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने गुरुवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालनालय इंद्रावती में संचालक आर. एक्का से भेंट कर उनसे भी निकाय से जुड़ी समस्याओं की जानकारी दी। नगर अध्यक्ष ने संचालक को बताया कि नवंबर माह से निकाय के नियमित व प्लेसमेंट कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। होली पर्व को ध्यान में रखते कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए अनुदान राशि उपलब्ध कराने की मांग रखी। नगरीय प्रशासन विकास विभाग के संचालक को बताया कि निकाय क्षेत्र में बीपीएल परिवारों को मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पिछले तीन वर्षों से मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत किसी भी प्रकार का अनुदान नहीं मिला है।

## अवकाश के दिनों में भी राजस्व वसूली

**राजनांदगांव।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते एवं शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व कर की प्राप्ति के लिए नगर निगम सीमांतर्गत सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं दुकान किराया की वसूली को दृष्टिगत रखते नगर निगम कार्यालय अवकाश के दिनों में भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में चालू रहेगा।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व वसूली शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप करने महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर करदाताओं की सुविधा हेतु कर की राशि जमा करने समस्त अवकाश के दिनों में (होली को छोडकर) राजस्व कार्यालय खुला रहेगा। राजस्व निरीक्षक, सभी राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित रहेंगे। राजेश तिवारी ने कहा कि कर का भुगतान समय-सीमा में नहीं करने पर अधिभार सहित बकाया कर की वसूली की जाएगी। साथ ही बडे बकायेदारों का नल विच्छेदन व कुर्की के अलावा दुकानें सील करने की कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने करदाताओं से कहा कि अपने बकाया कर, संपत्तिकर, जलकर समेकितकर के अलावा दुकान किराया का भुगतान कर आर्थिक भार से बचे।

## महाशिवरात्रि पर पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय पुजारी पुराहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, आकाश शर्मा एवं अभिषेक चौबे ने बताया कि अखिल भारती पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी रूपमति एवं पुरोहित आदर्श तिवारी के मार्गदर्शन में महाशिवरात्रि अवसर पर रामजानकी बाला बाबा मंदिर में भव्य अभिषेक पार्थिव शिवलिंगों का महाभिषेक किया गया।

शिवभक्तों ने अपने घरों से शिवजी की मिट्टी की मूर्ति पार्थिव शिवलिंग बनाकर लाए थे। जिनका विधि-विधान मंत्रोच्चारपूर्वक पार्थिव शिवलिंगों का महाभिषेक किया गया। जिसके तहत गंगाजल, दुग्ध, दही, शहद से पार्थिव शिवलिंगों का महाभिषेक कराया गया। तत्पश्चात धतुरा, कनेर एवं आंकड़ा (फुलहर) के फूलों से अभिषेक एवं तिलक कर महाआरती कर प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में अभिषेक पश्चात शिवजी की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। उक्त अवसर पर देवकुमार निर्वाणी, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, पूजा श्रीवास्तव, नेहा यादव, विरेन्द्र यादव, उषा श्रीवास्तव, सकुंतला परिहार, संदीप श्रीवास्त, नील श्रीवास्तव, राघव शुक्ला, आशा श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, चंद्रकला श्रीवास्तव, अरूण भास्कर,



अनिल नागवंशी, ममता सिंह ठाकुर, प्राची श्रीवास्तव, मृगनैनी शर्मा, अमित शर्मा, रूपमति निर्वाणी, मौसमी निर्वाणी, वैभव निर्वाणी, पूर्णिमा चौरसिया, कैलाशचंद चौरसिया, सुमित्रा शिव निर्वाणी, श्वेता सोनी, सरस्वतीबाई यादव, अंजू श्रीवास्तव, लवली श्रीवास्तव, फुलेश्वरी, तन्नु दुबे, उपलब्धि श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, रूचि नामदेव, समृद्धि नामदेव, अरूणधति शर्मा, नमो नामदेव, चुकु नामदेव, अरमान श्रीवास्तव, आदर्श तिवारी, वैभवी नामदेव, वैदेही शर्मा समेत अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी वैभव निर्वाणी, तारक निर्मोही एवं अभिषेक चौबे ने दी।

## आमजनों को साफ सफाई व स्वच्छता से जोड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने एवं आमजनों को स्वच्छता से जोड़ने व कचरा पृथककरण के लिए जनजागरूकता लाने महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तथा नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा की उपस्थिति में तकनीकी व स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता और अपशिष्ठ प्रबंधन पर अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने शहरों के बीच स्वच्छ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना, बड़े पैमाने पर नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना और



स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना तथा अपने नागरिकों को बेहतर स्वच्छता सेवा प्रदान करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी को गंभीरता से कार्य करना है।

महापौर श्री यादव ने कहा कि हमारा स्वास्थ्य अमला प्रतिदिन सजकता से कार्य कर रहा है, फिर भी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की आवश्यकता होती है, इसलिए सभी मन लगाकर निर्धारित समय तक सफाई कराना सुनिश्चित करें, नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी स्वच्छता निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन मानिटरिंग करें। सड़कों व गलियों के अलावा चौक-चौराहों की नियमित सफाई कराकर कचरा उठाएं। नाली की सफाई कर कचरा उठाएं, मुक्कड की संख्या कम करें, प्रतिदिन प्लानिंग कर कार्य कराएं। उन्होंने कहा कि नागरिकों को भी स्वच्छता से जोड़े, मुक्कड या नाली में कचरा डालने पर समझाईस दें व कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि रूट चार्ट बनाकर कचरा संग्रहण करें, कचरा गाडियों में स्वच्छता का संदेश बजावे, गाड़ियों की मरम्मत करावें तथा सेंटर को साफ-सुथरा व व्यवस्थित रखे, डिसप्ले बोर्ड लगावें। जिसमें सेंटर की गतिविधियों का उल्लेख हो। महापौर श्री यादव ने तकनीकी अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने वार्ड में निर्माण कार्य के अलावा स्वच्छता संबंधी कार्यों की मानिटरिंग करेंगे। सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों के मरम्मत कार्य जल्द पूर्ण करावें।

## सार समाचार

### कन्हारपुरी में संत गाड़गे जयंती 23 को



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय संत शिरोमणि गाडगे बाबा का जन्मदिन 23 फरवरी को धोबी समाज कन्हारपुरी परिक्षेत्र द्वारा मनाया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रभारी अध्यक्ष सतीश कुमार बजरंग, प्रभारी सचिव जगन्नाथ रजक, प्रभारी कोषाध्यक्ष प्रदीप पप्पू निर्मलकर को सौंपा गया है। पूर्व सचिव नरेन्द्र नेवल ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 12 बजे कन्हारपुरी वार्ड में संत शिरोमणि गाडगे की शोभायात्रा के साथ शुरू होगी। शोभायात्रा वार्ड का भ्रमण कर समाज के धोबी भवन पहुंचने के पश्चात संगीतमय रामायण का कार्यक्रम आयोजन किया गया है। इसके पश्चात संत शिरोमणि गाडगे बाबा की पूजा-आरती के पश्चात प्रसाद वितरण एवं स्वजातीय बंधुओं को भोजन का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी हेमंत निर्मलकर ने दी।

### एलएलबी में यांशिका अग्रवाल मेरिट में



**राजनांदगांव।** पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय की एलएलबी अंतिम की छात्रा यांशिका अग्रवाल सुपुत्री संजय अग्रवाल ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की प्राविण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया। अग्रवाल सभा की ओर से अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, सुरेश अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, दीपक अग्रवाल ने अग्रवाल सभा के सदस्य संजय अग्रवाल के निवास स्थान पहुंचकर बधाई एवं मिठाई प्रदान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते समाज के सभी बच्चे यान्शिका से प्रेरणा प्राप्त कर अपने भविष्य को श्रेष्ठतम बनाने का प्रयास करने का आह्वान किया।

## परीक्षा के 15 मिनट पहले केन्द्र के समस्त प्रवेश द्वार होंगे बंद

# पीएससी परीक्षा कल, 12 केंद्रों में 4186 पर परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 का आयोजन 22 फरवरी 2026 को किया गया है। परीक्षा के आयोजन के लिए जिला मुख्यालय राजनांदगांव में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें 4186 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली का समय सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली का समय अपरान्ह 3 से 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पश्चात उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर नहीं मिलेगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पहले परीक्षा केन्द्र के समस्त प्रवेश द्वार बंद कर दिए जाएंगे।

### नजर के चश्मों को छूट

नजर के चश्मों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के चश्में, मेटा या अन्य डिजिटल ग्लासेस, चश्में पहनने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे दिव्यांग अथवा बीमार अभ्यर्थी जिन्हें चिकित्सकीय कारणों से जूते अथवा उपकरण धारण करने की आवश्यकता हो, उन्हें गहन जांच के अधीन जूते अथवा उपकरण धारण करने की अनुमति होगी।

### दो घंटे पहले होगा पहुंचना

अभ्यर्थियों के लिए प्रत्येक पाली में परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। जिससे उनकी मेटल डिटेक्टर व मैन्युअल तलाशी व फिस्किंग, मूल पहचान पत्र के साथ उनके प्रवेश पत्र का सत्यापन तथा उनके चेहरे के मिलान का कार्य किया जा सके।

### जूते पहनने की अनुमति नहीं

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर के निर्देशानुसार परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में किसी भी अधिकारी एवं परीक्षार्थी को मोबाइल सेल फोन या अन्य किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामग्री के साथ प्रवेश करना प्रतिबंधित है। परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थी को अपने साथ फोटोयुक्त प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान पत्र साथ लेकर आना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को जूते अथवा मोटे सोल या ऊंची हील वाले फुटवियर पहनने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी केवल पतले सोल वाली चप्पलें अथवा स्लीपर पहन सकते हैं।

### आभूषणों की अनुमति नहीं

अभ्यर्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश ले सकते हैं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी रंग एवं गहरे चाकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित होगा। अभ्यर्थी कार्गो एवं डिजाईनर कपड़े पहनकर परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। सामान्य जींस पैंट एवं अन्य पैंट पहनने की अनुमति होगी। महिला अभ्यर्थी सलवार-कुर्ती तथा चुनरी तथा चुनरी (दुपट्टा) पहन सकेंगे, लेकिन कुर्ती की बांह छोटी (आधी) होनी चाहिए। साड़ी के साथ पहने जाने वाली ब्लाउज की बांह आधी होनी चाहिए। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। धर्म व रिवाजों के अनुसार अत्यंत आवश्यक आभूषण एवं प्रतीक चिन्हों को छोड़कर अन्य आभूषण व प्रतीक धारण करने की अनुमति अभ्यर्थियों को नहीं होगी। विवाहित महिला अभ्यर्थियों को एक नोज पिन तथा एक मंगलसूत्र धारण करने की अनुमति होगी।

## म्यूल बैंक खाता, पुलिस ने की आठ खाताधारकों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** सायबर अपराधों में प्रयुक्त म्यूल बैंक खाता के मामले में जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आठ खाता धारकों के विरूद्ध कोतवाली एवं सायइबर सेल पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय विभाग द्वारा सायबर अपराधियों से संबंधित डाटा, साइबर ठगी में प्रयुक्त बैंक खातों की जानकारी को भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल के माध्यम से विभिन्न राज्यों की पुलिस के साथ साझा किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा जिले में मिशन साइबर सुरक्षा अभियान के तहत म्यूल एकाउंट खाताधारकों के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था, जिस पर थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत 8 बैंक खाता धारकों जिसमें बंधन बैंक, केनरा बैंक, यूको बैंक एवं बैंक ऑफ बडोदा में खाता खोलकर म्यूल एकाउंट के रूप में उपयोग किया गया।

### आठ पर हुई कार्रवाई

पुलिस के अनुसार 8 बैंक खाताधारकों के बैंक खातों में लगभग 20 लाख रुपए से अधिक का लेनदेन संदेहास्पद ट्रांजेक्शन की जानकारी प्राप्त हुआ है। पुलिस ने आरोपी जावेद सोलंकी, सागर, उदित जैन, आवेश खान, मुकेश कुमार वैष्णव, चंदूलाल क्षत्रीय, मिथलेश ताम्रकर, लिकेश साहू के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 317(2), 317(4) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

## घर में घुसकर मारपीट, फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**राजनांदगांव।** घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट करने व कटारी दिखाकर धमकी देने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पेंड्री के प्रार्थी टुकेश उर्फ बाबू के मंगेतर को आरोपी देवीलाल साहू द्वारा उनके जन्मदिन पर बधाई दिया था, जिस पर आपस में विवाद होकर आपसी समझौता हो गया था। 1 जनवरी को शाम 7 बजे प्रार्थी घर के बाहर आग ताप रहा था, उसी समय आरोपी सुनील मरकाम उर्फ टिर्रू, देवी, कमरान व बबलू प्रार्थी के घर आकर पुरानी बातों को लेकर प्रार्थी टुकेश उर्फ बाबू के साथ गाली-गलौज कर घर में घुसकर डंडा से मारपीट कर तथा धारदार चाकूनुमा कटारी दिखाकर जान से मारने की धमकी दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5), 333 बीएनएस कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

### भिलाई में पकड़ाया आरोपी

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस ने विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़कर आरोपी सुनील मरकाम उर्फ टिर्रू एवं देवीलाल साहू को 2 जनवरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। प्रकरण के अन्य 1 आरोपी घटना दिनांक से फरार था। जिसकी पता तलाश किया जा रहा था। मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी कमरान मुगल का लोकेशन खुर्सीपार जिला दुर्ग में पाए जाने से आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया, जो जुर्म करना स्वीकार करने पर 19 फरवरी को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल निरूद्ध किया गया।

## दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**राजनांदगांव।** बाइक में सवार होकर छुरिया की ओर से बंजारी की तरफ जा रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

छुरिया पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत आज दोपहर बाइक में सवार होकर एक व्यक्ति बंजारी की ओर जा रहा था। वह फारेस्ट बेरियर के पास पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। बताया गया कि इस दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक का नाम छगनलाल 51 वर्ष पंचायत सचिव है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल में जुट गई है। इधर हाईवे में लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त होने लगा है। हाल ही में सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पैदल जा रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.









**खबर संक्षेप**

### भोरमदेव कारखाना में गन्ना पेराई बंद होने की द्वितीय सूचना जारी

**हरिभूमि कवर्धा।** भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा, द्वारा पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना पेराई बंद होने की द्वितीय सूचना जारी की गई है। कारखाना प्रबंधन ने अपने कार्यक्षेत्र के समस्त अंशधारी एवं गैर-अंशधारी गन्ना उत्पादक कृषकों को सूचित किया है कि वर्तमान पेराई सत्र के अंतर्गत गन्ना खरीदी की अंतिम तिथि 21 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।

# उपमुख्यमंत्री ने कबीर कुटियों को वाद्ययंत्रों के लिए 4.25 लाख का चेक वितरण किया

- भजन, सत्संग, कीर्तन एवं धार्मिक आयोजनों में होगा उपयोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आज विधायक कार्यालय में 17 कबीर कुटियों को भजन, सत्संग, कीर्तन एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के लिए प्रत्येक कबीर कुटी को 25-25 हजार रुपए की मान से कुल 4 लाख 25 हजार रुपए की राशि का चेक वितरित किया। कबीरपंथ से जुड़ी धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जनसंपर्क मद से वाद्ययंत्रों के खरीदी के लिए यह स्वीकृत किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा द्वारा स्वीकृत यह राशि संबंधित कबीर कुटियों को आज प्रदान की गई, जिससे वहां नियमित रूप से आयोजित होने वाले भजन, सत्संग, कीर्तन एवं अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रमों के लिए आवश्यक वाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र की कबीर कुटियों द्वारा वाद्ययंत्रों की आवश्यकता को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

समाज की इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए 17 कबीर कुटियों के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की। आज विधिवत चेक वितरण कर उन्होंने कबीरपंथी समाज को यह सौगात प्रदान की। जिले के अनुदान प्राप्त करने वाली कबीर कुटियों में श्री सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन ग्राम जुनवानी, सदगुरु कबीर नवयुवक मंडल ग्राम धमकी, सदगुरु कबीर नवयुवक मंडल ग्राम सोनपुरी रानी, श्री सतगुरु कबीर सत्संग समिति



ग्राम रवेली, सदगुरु कबीर कुटी पनिका समाज कवर्धा, सदगुरु कबीर कुटी सेवा समिति ग्राम मजगांव, सदगुरु कबीर धनी धर्मदास सेवा समिति ग्राम भोंदा नवापारा, सदगुरु कबीर धनी धर्मदास सेवा समिति ग्राम उसरवाही, सदगुरु कबीर धनी धर्मदास सेवा समिति बरहट्टी, कबीर कुटी सत्संग समिति ग्राम कांपा-चिल्फी, सदगुरु कबीर धनी धर्मदास सेवा समिति ग्राम बासिनझोरी, श्री सतगुरू कबीर ग्रंथ समिति महराटोला, श्री सतगुरू कबीर ग्रंथ समिति जरहाटोला और युवा दुर्गा समिति बिसनपुरा शामिल है। इस अवसर पर राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण के सदस्य भगतराम पटेल, ईश्वरी साहू, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, संतोष पटेल, नरेन्द्र मानिकपुरी, मनहरण कौशिक, भुखन साहू, रामबिलास चंद्रवंशी, विजय पाटिल, रवि राजपूत, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, श्रीमती विजय लक्ष्मी तिवारी, लालाराम साहू सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**समस्या : शासन-प्रशासन से मांग की है कि खराब हैंडपंप की तत्काल मरम्मत कराई जाए**

# पानी का लेवल कम व हैंडपंप से देर से निकल रहा लाल पानी, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शहर सहित क्षेत्र में गहराता जल संकट को देखते हुए विभागीय अधिकारियो को जल्द ही जल स्तर को बढ़ाने के लिए पहल करने की जरूरत है। जिससे ग्रामीण रहवासियों को पेयजल की समस्या से निताज मिल सकें। वहीं विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव के वार्ड क्रमांक 01 ब्राम्हण पारा में स्थित दिनेश पाण्डेय के घर के सामने लगे हैंडपंप से पानी लंबे समय बाद निकल रहा है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार भूजल स्तर नीचे चले जाने के कारण हैंडपंप से समय पर पानी नहीं आ पा रहा है, जब पानी निकलता भी है तो उसमें लालीपन (लाल रंग) दिखाई दे रहा है, जो पीने योग्य नहीं है। इससे वार्ड के निवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीण रहवासियों ने शासन प्रशासन व विभागीय जिम्मेदार अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा समस्या को देखते हुए वार्ड क्रमांक 01 के समस्या को प्रमुखता से लेते हुए गर्मी शुरू होने से पहले यदि इसकी मरम्मत नहीं की गई तो पेयजल संकट और गहरा सकता है।

रहवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि खराब हैंडपंप की तत्काल मरम्मत कराई जाए, जहां आवश्यकता हो वहां नई रॉड डाली जाए तथा पानी की गुणवत्ता की जांच कर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिससे हैंडपंप ग्रामीण क्षेत्र में जीवन रेखा के समान है, जिससे लोगों को हर समय पानी उपलब्ध हो पाता है। अतः प्रशासन से अपील कर समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो व शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकें।

**हैंडपंप की सुधार व मरम्मत कार्य की जरूरत**



ग्राम पंचायत कोलेगांव में वार्ड क्रमांक 01 में स्थित हैंडपंप का जल स्तर नीचे चला गया है जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए यहां-वहां भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हैंडपंप से अभी ही पानी नहीं उगल रहे हैं। जिससे रहवासियां घंटों तक मेहनत करती हैं तब कहीं जाकर मठमैला व लाल पानी निकती है। जिस पर वार्डवासियों ने हैंडपंप की सुधार कार्य की मांग की गई।

# नेऊर में बढ़ती असामाजिक गतिविधियों से ग्रामीण चिंतित पुलिस से सहयोग की मांग

- ग्रामीणों ने प्रशासन से की गई रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर

कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम नेऊर में इन दिनों कुछ असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को लेकर ग्रामीणों में चिंता व्याप्त है। बताया जाता है कि ग्राम में देर रात तक कुछ युवक शराब के नशे में गांव में घूमते देखे जा रहे हैं, विशेषकर हाई स्कूल के आसपास उनका जमावड़ा रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि नशे की लत के चलते सीमेंट, गिट्टी, ड्रम और छड़ जैसी निर्माण सामग्री की छोटी-मोटी चोरी की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। चूंकि अधिकांश घटनाएं कम मूल्य की हैं, इसलिए लोग औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं करा रहे हैं, लेकिन जागरूक नागरिकों का मानना है कि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में बड़ी घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

जिस पर ग्रामीणों कहा कि यदि नियमित पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए तो स्थिति पर शीघ्र नियंत्रण पाया जा सकता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि क्षेत्रवासियों ने विश्वास जताया है कि कुकदुर थाना के थानेदार सजग और शांतिप्रिय स्वभाव के अधिकारी हैं तथा कानून व्यवस्था के प्रति संवेदनशील रहते हैं। इसी विश्वास के साथ ग्रामीणों ने उनसे अपेक्षा की है कि वे आवश्यक संज्ञान लेकर रात्रि गश्त बढ़ाने, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और युवाओं को समझाइश देने जैसे कदम उठाएं। ग्रामीणों का मानना है कि पुलिस-प्रशासन और जनसहयोग से ही गांव में पुनः शांति, सुरक्षा और अनुशासन का वातावरण सुदृढ़ किया जा सकता है।

## कुण्डा में युवा मंडल विकास सम्मेलन आयोजित



**हरिभूमि :कुण्डा।** मेरा युवा भारत कवर्धा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में सौरभ कुमार निषाद जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत कवर्धा के कुशल मार्गदर्शन में पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम कुण्डा में युवा मंडल विकास सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें युवा मंडल विकास अभियान के अंतर्गत 15 से 29 वर्ष के युवाओं को शामिल किया गया, जिसमें पंचायत स्तर पर युवा मंडल गठित किया गया व पुराने युवा मंडल को पुनर्गठन किया गया। तत्पश्चात सभी युवा मंडलों का युवा मंडल विकास सम्मेलन का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में सभी युवा मंडल के युवा साथी शामिल थें। इस कार्यक्रम में पुरषोत्तम निर्मलकर पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ने सभी युवाओं को संबोधित करते हुए मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में सभी युवाओं को अवगत कराते हुए विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला युवा अधिकारी सौरभ कुमार निषाद ने कहा कि युवा मंडल विकास अभियान के अंतर्गत नवगठित युवा मंडल व पुराने युवा मंडल पुनर्गठन के पश्चात युवा मंडल विकास सम्मेलन का आयोजन में सभी युवा का स्वागत किया। उन्होने युवा मंडल के साथ समय-समय पर मेरा युवा भारत की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना है और अपने स्तर पर जन सेवा का कार्य करते रहना है जैसे रक्तदान, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, जल संरक्षण अभियान, राष्ट्रीय पर्वों का आयोजन, खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न कार्यक्रमों जो मेरा युवा भारत के अंतर्गत आयोजित होता है ऐसे कार्यक्रमों में आप सभी युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा लें माय भारत पोर्टल पर रजिस्टर्ड करें और प्रतियोगिता में शामिल होकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करें। इस कार्यक्रम में नवगठित युवा मंडल को खेल का किट सामान वितरण किया गया। युवा मंडल विकास सम्मेलन में मुख्य रूप से केशव प्रसाद जायसवाल अतिथि सहायक प्राध्यापक, लौनदास मोहल्ले पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवा, पुनीराम यादव पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन रोहित निर्मलकर ने किया।

# आकांक्षा विश्वकर्मा को मिली भौतिक शास्त्र में पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के कचहरी पारा वार्ड नंबर 12 कवर्धा निवासी श्रीमती आकांक्षा विश्वकर्मा पिता लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा को विगत दिनों 24 जनवरी-2026 को डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा-बिलासपुर के द्वारा भौतिक शास्त्र विषय में पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि प्रदान की गई। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ रत्नेश तिवारी, व्याख्याता भौतिक शास्त्र विभाग, डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा-बिलासपुर के निर्देशन में पूर्ण किया। इनके शोध का विषय डिजाइन एंड एनालिसिस ऑफ कॉपर प्रिंटेड स्ट्रेचेबल एंटीना




फार बायोमेडिकल एप्लीकेशंन रहा। वर्तमान में वें शासकीय विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर के भौतिक शास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। इनकी इस सफलता पर उनके माता-पिता, पति विजय विश्वकर्मा सहित परिजनों एवं गुरुजनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है एवं उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नेवारीगुड़ा में संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

ग्राम नेवारीगुड़ा में स्व. खेदु सिंह चौहान की पुण्यतिथि स्मृति में नौ दिवसीय संगीतमय सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ श्रीमद्भागवत महापुराण का भव्य आयोजन 15 से 23 फरवरी तक किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक कथा का रसपान कराया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास के रूप में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रवचनकर्ता प्राची देवी (जबलपुर मध्य-प्रदेश) द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा सुनाई जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्रीमती दुर्गा श्रवण चौहान विराजमान हैं। जिसमें प्रवचनकर्ता प्राची देवी ने बाल कृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए कथा के दौरान व्यास पीठ से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। जब भगवान श्रीकृष्ण पौगंड अवस्था में थे, तब उन्होंने अनेक अद्भुत लीलाएं कीं जिसमें पूतना वध- जन्म के मात्र छह दिन बाद ही भगवान ने पूतना का उद्धार किया, शकटासुर वध तीन माह की अवस्था में करवट उत्सव के दौरान शकटासुर का संहार किया, माखन चोरी लीला में बाल्यकाल की मधुर और प्रेममयी लीला से ऊखल बंधन



लीला यशोदा मैया द्वारा बंधे जाने पर भी भगवान की करुणा, यमलार्जुन उद्धार दो वृक्षों के रूप में बंधे यक्षों का उद्धार, अघासुर वध-कंस द्वारा भेजे गए मायावी दैत्य अघासुर का संहार, धेनुकासुर वध-ताड़वन में बलराम द्वारा धेनुकासुर का वध कथा का रसपान भक्तजनों को कराया गया। उन्होने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व बहुआयामी है, वे मां के सामने रूठने वाले बालकृष्ण हैं, तो महाभारत में अर्जुन को गीता का उपदेश देने वाले योगेश्वर भी हैं। उनकी प्रत्येक लीला का गहरा आध्यात्मिक और प्रेरणादायक संदेश है। जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण व भक्तकजनो की भारी भीड़ कथा रसपान करने पहुंच रही है। वहीं आयोजक समिति ने समस्त श्रद्धालु जनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ को सफल बनाने की अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत शर्मा (दुल्लापुर) द्वारा किया जा रहा है।

# सूर्या चंद्रवंशी बने प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में कबीरधाम प्रेस क्लब का गठन किया गया है, वहीं नव नियुक्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने आज उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से सौजन्य भेंटकर संगठन की भावी रूपरेखा, पत्रकारों की समस्याएं और निष्पक्ष पत्रकारिता की भूमिका पर सार्थक चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है और प्रेस क्लब संवाद का सशक्त मंच बनेगा। नव नियुक्त पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष सूर्या चंद्रवंशी, महासचिव अविनाश ठाकुर, उपाध्यक्ष संतोष भारद्वाज, सचिव प्रदीप गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष



शैलू उपाध्याय शामिल हैं। संरक्षक मंडल में महेश मिश्रा, सतीश तंबोली, अजय यादव, मनीष मिश्रा और मन्नू चंदेल समेत वरिष्ठ पत्रकार यशवंत झारिया, चंद्रशेखर शर्मा,सतीश पात्रे, संजय यादव, वेदांत शर्मा, संजू गुप्ता, हेमंत गुप्ता, संजीव पांडेय, जितेंद्र तिवारी, वेद साहू, अशोक निर्मलकर, रवि ग्वाल, उत्तम चंद्रवंशी, पुष्पराज ठाकुर, हिरेंद्र गोप और श्रीकांत उपाध्याय उपस्थित थें। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर सहमति बनी।

## उचित मूल्य दुकान कुण्डा में मनाया चावल उत्सव



**हरिभूमि कुण्डा।** शुक्रवार को शासकीय उचित मूल्य की दुकान कुण्डा में जनप्रतिनिधि एवं हिग्राहियों के उपस्थिति में चांवल उत्सव मनाया गया। जिसमें प्रदेश में हर महीने की 7 तारीख से चांवल उत्सव मनाया जाता है, इसके तहत सभी राशन दुकानों में चांवल वितरण की परंपरा शुरू होती है, लेकिन फरवरी के महीने में 7 तारीख को वितरण नहीं शुरू हो पाया था, अब यह उत्सव 20 फरवरी से शुरू हुआ। इस दौरान राशन कार्ड धारकों एवं जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में चांवल उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत कुण्डा हरेंद्र चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा ध्वजाराम चंद्राकर, पंच वागीश चंद्राकर, हितग्राही मेलू साहू, लवलेश चंद्राकर, बाबूलाल रजक, सूरज यादव, नाना साहू, पप्पू गुप्ता, राजकुमार साहू, दिलीप साहू, पन्ना साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण हितग्राही उपस्थित थें।

**विद्यालय संचालक ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी**

# जेईई में अशोका स्कूल के विद्यार्थियों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अशोका पब्लिक विद्यालय ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि निरंतर प्रयास और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन सफलता की मजबूत नींव होते हैं। जिसमें जेईई मेन-2026 के घोषित परिणामों में विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, परिवार और पूरे नगर का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि के बाद विद्यालय परिषर में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों ने विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें मिठाई खिलाई तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने प्रथम प्रयास में ही शानदार प्रदर्शन करते हुए यह संदेश दिया कि मेहनत, अनुशासन और सही रणनीति से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। जिसमें जलधी केशरवानी ने 97.52 प्रतिशत, उज्जवल सोनी 97 प्रतिशत व गीतेश देवांगन 89 प्रतिशत के साथ यह सफलता केवल अंक नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के संघर्ष, आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम का परिणाम





है, जिसने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। विद्यार्थियों ने बताया कि जेईई की तैयारी का सफर आसान नहीं था। सुबह जल्दी उठकर नियमित रिवीजन, स्कूल के बाद निरंतर सेल्फ-स्टडी, टेस्ट पेपर अभ्यास, गलतियों का विश्लेषण और समय प्रबंधन इन सभी ने उनकी सफलता की आधारशिला रखी। कई बार मानसिक दबाव और कठिन परिस्थितियाँ सामने आई, लेकिन विद्यार्थियों ने हार मानने के बजाय हर चुनौती को अवसर बनाकर आगे बढ़ना जारी रखा। शिक्षकों का मार्गदर्शन बना सबसे बड़ी ताकत विद्यार्थियों ने कहा कि अशोका पब्लिक विद्यालय के शिक्षकों का मार्गदर्शन उनकी सफलता का प्रमुख आधार रहा। शिक्षकों द्वारा नियमित टेस्ट सीरीज, डाउट-क्लियरिंग सेशन, विशेष कक्षा, तथा प्रेरणादायी मार्गदर्शन के माध्यम से बच्चों को निरंतर प्रोत्साहित किया गया। जिस पर विद्यालय संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका सारिका देवांगन ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता केवल परीक्षा में अच्छे अंक नहीं, बल्कि बच्चों के मजबूत चरित्र, निरंतर प्रयास और उज्ज्वल भविष्य की दिशा का प्रतीक है।

## हरेंद्र कश्यप भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सदस्य नियुक्त



**हरिभूमि कुण्डा।** प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने प्राणखैरा निवासी हरेंद्र कश्यप को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया है। इस नियुक्ति की खबर सामने आते ही उनके समर्थक एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हरेंद्र कश्यप भाजपा के वरिष्ठ कर्मठ और निष्ठावान जुझारू कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते है। श्री कश्यप भाजपा के जमीनी स्तर के निष्ठावान कार्यकर्ता है वे वर्तमान में बूथ अध्यक्ष है संगठनात्मक कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका और अनुभव को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। कार्यसमिति में जगह मिलने पर हरेंद्र कश्यप ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एवं पंडरिया विधायक भावना के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री कश्यप कहा शीर्ष नेतृत्व के समृद्ध अनुभव दूरदर्शिता और स्नेहपूर्ण मार्ग दर्शन पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रदेश के किसानों के हित में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे इस नियुक्ति से किसान मोर्चा को नई ऊर्जा मिलेगी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**लोकार्पण:** छत्रपति शिवाजी चौक का लोकार्पण, भव्य प्रतिमा का आतिशबाजी के साथ अनावरण

# शौर्य और स्वाभिमान का प्रतीक बना नगर का शिवाजी चौक: विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गत 19 फरवरी का दिन उस समय शहरवासियों के लिए ऐतिहासिक बन गया, जब नवनिर्मित छत्रपति शिवाजी चौक का भव्य लोकार्पण एवं वीरता, साहस और राष्ट्र गौरव के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज की दिव्य प्रतिमा का विधिवत अनावरण उत्साह और आतिशबाजी के साथ किया गया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण रहा और बड़ी संख्या में नागरिक इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से प्रतिमा का अनावरण कर कवर्धावासियों एवं चंद्रनाहु कुर्मी समाज को एक ऐतिहासिक सौगात प्रदान की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विजय शर्मा ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि कवर्धा के शिवाजी चौक में अब महराज शिवाजी की भव्य प्रतिमा की स्थापना हुई है कवर्धा की जनता की मनोभाव के अनुसार ही शिवाजी चौक में भव्य प्रतिमा विराजमान हुआ है। कवर्धा के नौजवानों के लिए यह स्थल प्रेरणा का प्रतीक है चौक में प्रतिमा का अनावरण हो जाने से कवर्धा के लोगों के मन में उत्साह व उमंग है। उन्होनें उपस्थित चन्द्रनाहू कुर्मी समाज को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि शिवाजी महराज का जीवन हमें सिखाता है कि यदि संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। उन्होंने महिलाओं के सम्मान, प्रजा के हित, न्यायपूर्ण शासन और धार्मिक सहिष्णुता की जो परंपरा स्थापित की, वह आज भी आदर्श शासन का मार्गदर्शन करती है। विजय शर्मा ने युवाओं का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी को शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेकर अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की भावना विकसित करनी चाहिए।

### नगर के इन चौक-चौराहों का होगा कायाकल्प



शिवाजी चौक लोकार्पण व मूर्ति अनावरण में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि कवर्धा शहर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बह रही है कवर्धा शहर में चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है ताकि हमारा शहर की अलग पहचान बन सके। उन्होनें बताया कि वीर स्तंभ चौक निर्माण के साथ-साथ शिवाजी चौक में मूर्ति स्थापना का कार्य पूर्ण हुआ। अब इसके साथ ही रायपुर-राजनांदगांव बायपास मार्ग में सहस्त्र बाहु चौक का निर्माण, राजनांदगांव रायपुर बायपास चौक में संत कबीर चौक का निर्माण, संत गाडगे चौक, करपात्री जी महराज चौक निर्माण हेतु 20-20 लाख रू. की स्वीकृति प्रदान की गई है साथ ही हमारे शहर के बुजुर्गों के लिए सियान सदन का निर्माण किया जायेगा। जिसके लिए 30 लाख रू. राशि की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

### ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना कवर्धा: चंद्रप्रकाश

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महराज की भव्य व दिव्य प्रतिमा का अनावरण कर कवर्धावासियों को समर्पित किया साथ ही उन्होनें कहा कि यह चौक कवर्धावासियों के लिए आईडल बनकर खड़ा है हमारे आदर्श शिवाजी महराज है अनावरण के समय में कवर्धावासी उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना। शिवाजी के विचारों को पढ़कर, अध्ययन कर अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होनें छत्रपति शिवाजी महराज के बारे में बताते हुए कहा कि भारत में मुगलों ने अपना शासन चलाकर भारत की संस्कृति को नष्ट करना चाहता था ऐसे हालातों पर शिवाजी महराज ने मुगलों को चुनौती देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने अपने साहस और रणनीति से यह सिद्ध कर दिया कि मातृभूमि की रक्षा के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति ही सबसे बड़ी शक्ति होती है।

# जिला उड़नदस्ता दल ने किया कई परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 के प्रथम दिवस जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गठित इस दल का नेतृत्व जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा ने किया। उड़नदस्ता दल में सहायक संचालक डीजी पात्रा, एमआईएस प्रशासक सतीश कुमार यदु एवं वरिष्ठ पीटीआई दिनेश कुमार साहू शामिल रहे। दल द्वारा विज्ञान संकाय के भौतिकशास्त्र एवं कला संकाय के भूगोल विषय की परीक्षा के दौरान जिला मुख्यालय स्थित होलीक्रास स्कूल कवर्धा, विकासखंड बोड़ला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवांगांव तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबना कला परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित पाई गई। परीक्षा भवनों में समुचित पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, प्रसाधन एवं पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई थी। निरीक्षण के दौरान किसी भी परीक्षार्थी द्वारा अनुचित साधनों के उपयोग का मामला सामने नहीं आया, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई। उड़नदस्ता दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों में ग्लूकोज, ओआरएस एवं प्राथमिक उपचार सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने संबंधी सुझाव भी दिए गए। साथ ही, बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्रों एवं पंजियों का समुचित संधारण किया जाना पाया गया।

## खबर संक्षेप

### प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ कार्यवाही

**पिपरिया।** नगर पंचायत पिपरिया द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। नगर पंचायत प्रशासन को इस बात की जानकारी मिली थी कि नगर में सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय अवैध रूप से हो रहा हैं। इस शिकायत के बाद निकाय के कर्मचारी चन्द्रशेखर गुप्ता, सरानि भावेश सिंह, पीआईयू पदमराज केशरी, दीपक साहू प्लेसमेंट कर्मचारी नगर पंचायत पिपरिया की संयुक्त टीम द्वारा नगर के 07 दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरानं संबंधित व्यावसायिक दुकानदारों से राशि 1300 रूपए की चलानी कार्यवाही करते हुए 1 किलो 900 ग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जप्त किया गया।

### पालक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**कवर्धा।** समावेशी शिक्षा अंतर्गत गृह आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के पालकों/अभिभावकों के लिए आज जिला ग्रंथालय कवर्धा में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय पोयाम के निर्देशानुसार तथा जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा एवं जिला मिशन समन्वयक विनोद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। डीएमसी विनोद श्रीवास्तव ने पालकों का अभिनंदन करते हुए बच्चों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिव्यांग बच्चों से संबंधित समस्त शैक्षणिक जानकारी एवं सहयोग की जिम्मेदारी विकासखंड स्तर पर पदस्थ बीआरपी की है, अतः आवश्यकता होने पर पालक उनसे संपर्क कर सकते हैं।

# होली के पूर्व अवैध शराब पर पुलिसिया कार्रवाई तेज

## 61 पौवा अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



- मुखबिर की सूचना पर सिंघनपुरी पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

होली त्यौहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जिले के थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री करने वालों की धरपकड़ तेज कर दी है और लगातार इस पर कार्यवाही भी की जा रही है। ये अलग विषय है कि प्रदेश सरकार ने अपनी नई शराब नीति के तहत इस बार होली त्यौहार पर भी स्वयं सरकारी शराब बेंचने का ऐलान कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान सिंघनपुरी थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति काले रंग की मोटर सायकल स्प्लेंडर प्लस में एक प्लास्टिक बोरी में अवैध शराब रखकर पैलीमैटा से सिंघनपुरी की ओर जा रहे हैं। इस सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम द्वारा सिंघनपुरी बाजार स्थल के पास दो गवाहों को तलब कर साथ लिया गया तथा खोलवा सिंघनपुरी तिराहा अटल चौक सिंघनपुरी में नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान पवनतरा की ओर से सिंघनपुरी की तरफ आ रही काले रंग की मोटर सायकल स्प्लेंडर प्लस को रोककर पूछताछ की गई। मोटर सायकल में सवार दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम ओमप्रकाश जंघेल पिता झाडू राम जंघेल उम्र 23 वर्ष एवं युवराज नेताम पिता बिसरू नेताम उम्र 19 वर्ष 09 माह दोनों निवासी थाना सिंघनपुरी जंगल जिला कबीरधाम (छ.ग.) बताया। मोटर सायकल में रखी प्लास्टिक बोरी की तलाशी लेने पर 59 नग पौवा शोले देशी प्लेन मदिरा एवं 02 नग गोल्डन गोवा सुपिरियर व्हिस्की कुल 61 पौवा शराब, प्रत्येक शीशी 180 एमएल भरी हुई शीलबंद अवस्था में पाई गई।

### शराब बेचने ले जा रहे थे आरोपी

पूछताछ पर आरोपियों द्वारा शराब को बिक्री करने के लिए परिवहन करना बताया गया। शराब के संबंध में वैध दस्तावेज मांगने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए। आरोपियों का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत अपराध पाए जाने से मौके पर विधिवत कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को दी गई। मौके से जप्त 61 पौवा अवैध शराब की अनुमानित कीमत करीब 4960 रूपए एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल स्प्लेंडर प्लस की कीमत करीब 60,000 रुपए है। जप्त सामग्री सहित दोनों आरोपियों को थाना लाकर अपराध क्रमांक 03/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध किया गया। इस कार्यवाही में एएसआई वीरेंद्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक पेखेंद्र जांगड़े, आरक्षक अविनाश तिवारी, आरक्षक मनोज शर्मा, आरक्षक युगल वर्मा एवं आरक्षक रमेंद्र साहू का विशेष योगदान रहा।

# नई आबकारी नीति: जनहित से अधिक राजस्व को प्राथमिकता: तुकाराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सरकार की नई आबकारी नीति को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया है कि नई शराब नीति जनहित में नहीं, बल्कि राजस्व बढ़ाने की प्राथमिकता पर आधारित है। उन्होंने इसे भाजपा सरकार के कुशासन का प्रमाण बताते हुए कहा कि यह नीति समाजिक मूल्यों और जनभावनाओं पर चोट पहुंचाने वाली है। तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा कि सुशासन का दावा करने वाली भाजपा सरकार द्वारा नई शराब नीति लागू करना उसकी वास्तविक सोच को उजागर करता है। उनका आरोप है कि यह नीति विकासोन्मुख न होकर आम जनता पर आर्थिक और सामाजिक बोझ बढ़ाने वाली है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर आपत्ति जताई कि सरकार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि, होली और मुहर्रम जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर भी शराब दुकानों को खोलने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि जिस दिन पूरा देश गांधी जी के संयम, सत्य और नैतिक मूल्यों को याद करता है, उस दिन शराब बिक्री की अनुमति देना सरकार की प्राथमिकताओं पर प्रश्नचिह्न लगाता है। क्या अब त्योहार और राष्ट्रीय दिवस भी केवल राजस्व कमाने का माध्यम बन गए हैं? उन्होंने सवाल उठाया। चंद्रवंशी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में पहले से ही अवैध शराब की बिक्री चरम पर है। गांव-गांव में नशे का जाल फैल रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है और कई परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।



इसके बावजूद सरकार राजस्व लक्ष्य बढ़ाने में व्यस्त है। उन्होंने पूछा कि क्या विकास का अर्थ नशे की खपत बढ़ाना है और क्या सरकार समाज को कमजोर कर खजाना भरना चाहती है? उन्होंने यह भी कहा कि नई नीति का वास्तविक लाभ आम जनता को मिलेगा या किसी विशेष वर्ग को, यह स्पष्ट नहीं है। उनके अनुसार, यह नीति जनहित से अधिक मुनाफे की राजनीति का हिस्सा प्रतीत होती है, जिससे प्रदेश की माताएं-बहनें, किसान और युवा आहत हैं। युवा कांग्रेस नेता ने सरकार से मांग की है कि राष्ट्रीय तिथियों और संवेदनशील त्योहारों पर तत्काल प्रभाव से ड्राई डे पुनः लागू किया जाए। साथ ही अवैध शराब नेटवर्क पर कड़ी और पारदर्शी कार्रवाई की जाए तथा नई आबकारी नीति की व्यापक समीक्षा कर जनमत के आधार पर निर्णय लिया जाए। अंत में तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता अपनी आस्था, संस्कृति और भविष्य से समझौता स्वीकार नहीं करेगी और यदि आवश्यक हुआ तो लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया जाएगा।

# जिपं सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू की पहल से 30 लाख के विकास कार्य स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू के प्रयासों से जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए प्राथमिकता के आधार पर जिला पंचायत निधि तथा 15वें वित्त आयोग मद से लगभग 30 लाख रुपये की राशि के विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत राशि से ग्राम पंचायत मानिकचौरी, धरमपुरा, बिरकोना, कोसमंदा, लिटीपुर खंडसरा, बिटकुली, केसली, नावागांव (को.), कुटकीपारा, गुढ़ा, डेहरी,गोपाल भावना, सोनपुरी गुढ़ा, बहरमुड़ा एवं तमुरुवा में सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन मरम्मत, पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण सहित अन्य आवश्यक जनहितकारी कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ. साहू ने कहा कि क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि आमजन को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। यहां बताना लाजिमी होगा कि प्रदेश मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा कवर्धा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यो की स्वीकृति के लिए क्षेत्रवासियों की मांग एवं आवश्यकताओं के अनुरूप लगातार निर्माण व विकास कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर रहे हैं। जिससे लोगों का भाजपा सरकार के प्रति भरोसा बढ़ रहा है।

# एनएसयुआई ने 12 वीं के परिक्षार्थियों को पेन वितरण कर दी शुभकामनाएं



**कवर्धा।** 12वीं बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने के अवसर पर एनएसयुआई जिला कबीरधाम द्वारा कवर्धा के बस स्टैंड स्थित कन्या शाला एवं शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर में पेन वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं पूरी तैयारी के साथ परीक्षा देने का संदेश दिया गया। यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। एनएसयुआई जिला महासचिव अमन वर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और लोकतांत्रिक सशक्तिकरण का आधार है। यदि शिक्षा व्यवस्था कमजोर होगी और छात्रों की समस्याओं की अनदेखी होगी, तो इसका प्रभाव देश के भविष्य पर पड़ेगा। पूर्व एनएसयुआई अध्यक्ष कवर्धा मेहुल सत्यवंशी ने कहा कि छात्रवृत्ति, बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था तथा रोजगार के अवसर सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। एनएसयुआई हमेशा छात्रों की आवाज बनकर उनके हक और अधिकार के लिए संघर्ष करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि वे उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ जागरूक नागरिक बनें और शिक्षा व रोजगार से जुड़े मुद्दों पर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नारद चंद्रवंशी, विकास चंद्रवंशी, अमन बर्वे, नरेंद्र वर्मा, तुषार वर्मा, कनक कौशिक, शिवा चंद्रवंशी, अरविंद चंद्रवंशी, रोहित, मुकेश, दीपक, मनीषा, भवानी, अलिंका सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के समक्ष देहदान कर पेश की मानवता की अनोखी मिसाल**

# मेडिकल कॉलेज के लिए की हरी राम ने की देहदान घोषणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के खड़ौदा निवासी हरी राम साहू ने समाज के लिए एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए कवर्धा प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के समक्ष अपने शरीर दान की घोषणा की।

उन्होंने कवर्धा में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों की पढ़ाई और शोध कार्य के लिए अपना शरीर दान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हरी राम साहू के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम समाज में सेवा, मानवता और जागरूकता का बड़ा संदेश देता है। उन्होंने इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए साहू को बधाई दी और अन्य लोगों से भी ऐसे जनहितकारी कार्यों के लिए आगे आने की अपील की।

शरीर दान चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टर बनने वाले विद्यार्थियों को मानव शरीर की संरचना को समझने के लिए वास्तविक अध्ययन की आवश्यकता होती है। शरीर दान से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान मिलता है, जिससे वे भविष्य में बेहतर और कुशल चिकित्सक बन पाते हैं।

### देहदान से मिलने वाले लाभ

शरीर दान का सबसे बड़ा लाभ चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को मिलता है। इससे मेडिकल छात्रों को एनाटॉमी की गहन जानकारी प्राप्त होती है तथा नई चिकित्सा तकनीकों और उपचार पद्धतियों के विकास में मदद मिलती है। इसके अलावा, यह समाज के प्रति अंतिम समय तक सेवा का एक श्रेष्ठ माध्यम माना जाता है।

### लोगों में जागरूकता का संदेश

हरी राम साहू का यह निर्णय समाज में अंगदान और शरीर दान को लेकर सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश देता है। अक्सर जानकारी के अभाव और सामाजिक झिझक के कारण लोग इस विषय पर आगे नहीं आते, लेकिन ऐसे उदाहरण लोगों को प्रेरित करते हैं कि मृत्यु के बाद भी मानव जीवन समाज के काम आ सकता है। कवर्धा में बन रहे मेडिकल कॉलेज के लिए किया गया यह शरीर दान न केवल शिक्षा क्षेत्र को मजबूती देगा, बल्कि समाज में मानवता, सेवा और जागरूकता की नई मिसाल भी कायम करेगा।

# शिक्षा की मशाल लेकर पालकों की चौखट तक पहुंचे शिक्षक, हाई स्कूल छिरहा की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के शिक्षकों ने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए एक सराहनीय पहल किया है। यहां के शिक्षकों की टीम ने नौ गांवों के सभी 202 विद्यार्थियों के घर-घर जाकर उनके पालकों से सीधा संवाद किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी के नेतृत्व में व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी और वीणाक्षी नामदेव ने बिरुटोला, छिरहा, जुनवानी, लिमो, बाघुटोला, नवागांव तिवारी, मगरदा, घोठिया और झलका जैसे क्षेत्रों का सघन दौरा किया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति को कक्षा की



चारदीवारी से निकालकर धरातल पर परखना था। शिक्षकों ने पालकों के साथ त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और प्रीबोर्ड परीक्षा के परिणामों पर विस्तार से चर्चा किया और बच्चों की कमजोरियों को दूर करने के लिए आवश्यक सुझाव साझा किए। विशेष रूप से बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को सुबह 4 से 7 बजे तक के महत्वपूर्ण समय में पढ़ाई करने हेतु प्रोत्साहित किया गया और अभिभावकों को इस दौरान शांत वातावरण व बेहतर खान-पान सुनिश्चित करने की सलाह दिया गया। यह अभियान केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शिक्षकों ने वृक्षमित्र अभियान के तहत छात्रों द्वारा लगाए गए पौधों का निरीक्षण कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया। पिछले 12 वर्षों से अनवरत जारी इस परंपरा ने पालकों और शिक्षकों के बीच एक अटूट विश्वास का सेतु बना दिया है, जिससे अभिभावक अपने बच्चों के गुरुजनों को घर पर पाकर काफी उत्साहित नजर आए।